BRAMPTON

Media Release

तुरंत रिलीज के लिए

सिटी ऑफ ब्रैम्पटन, ओनटैरियो में इलेक्ट्रिक-पावर्ड फायर ट्रक प्रयोग करने वाली पहली म्युनिसिपल्टी बनेगी

ब्रैम्पटन, ओनटैरियो (16 जून, 2021) – आज, ब्रैम्पटन सिटी काउंसिल (Brampton City Council) ने, फ्रंट-लाइन पम्पर को पूरी तरह से इलेक्ट्रिक-पावर्ड फायर ट्रक, रोजनबाउर आर.टी. (Rosenbauer RT) से बदलने की, ब्रैम्पटन फायर एंड एमरजेंसी सर्विसिज (Brampton Fire and Emergency Services) की योजनाओं को मंज़ूरी दी।

ब्रैम्पटन एक ग्रीन सिटी (Green City) है। यह स्थिरता में सुधार करने और पर्यावरणीय इनोवेशन में लीडर बनने के लिए प्रतिबद्ध है। रोजनबाउर आर.टी., मार्केट में उपलब्ध पहला पूरी तरह से इलेक्ट्रिक-पावर्ड फायर ट्रक है, जो मौजूदा फायरफाइटिंग स्टैंडर्ड्स को पूरा करने के योग्य है। बर्लिन (Berlin), एम्सटर्डम (Amsterdam), दुबई (Dubai), लॉस एंजेल्स (Los Angeles) और वैनकूवर (Vancouver) जैसे अन्य सर्वश्रेष्ठ शहरों के साथ जुड़ते हुए, ब्रैम्पटन, ओनटैरियो में इलेक्ट्रिक-पावर्ड फ्रंट-लाइन एमरजेंसी रिस्पांस वाहन प्रयोग करने वाली पहली म्युनिसिपल्टी होगी।

ट्रक की टेक्नोलॉजी से, ब्रैम्पटन के फायर कर्मचारी, एमरजेंसी में काम करते समय, न केवल ट्रैवल के दौरान, बल्कि साइट पर होने के समय भी, ज़ीरो निकासियों पैदा करेंगे। साइट पर निकासियों की समाप्ति, वातावरण और उस जगह पर फायरफाइटर्स के अंदर कार्सिनोजेन (कैंसरकारी तत्व) के इनटेक को कम करके, फायरफाइटर्स के स्वास्थ्य और सुरक्षा दोनों की रक्षा करती है।

पूरी तरह से इलेक्ट्रिक वाहन की अतिरिक्त विशेषताओं में शामिल हैं, सवारी बस की तरह, राइड ऊंचाई को बढ़ाने और कम करने की क्षमता, जिससे वाहन में प्रवेश करने में आसानी होती है। यह विशेषता, फायरफाइटर्स के लिए साइट पर होने के समय उपकरण तक पहुंच के लिए, पहुंच ऊंचाई को भी कम करती है। राइड ऊंचाई 6.8 इंच तक नीचे की जा सकती है और ऊंचाई को 18.5 तक बढ़ाया जा सकता है, जिससे बाढ़ के दौरान काम करने के समय इंजन में पानी दाखिल होने की कोई संभावना नहीं रहती। नया फायर ट्रक, तंग जगहों पर और नई सबडिवीजनों में बहुत कम चौड़ी सड़कों पर, अधिक कुशलता से प्रयोग में कर्मचारियों की मदद करेगा और यह फायरफाइटर्स के स्वास्थ्य और सुरक्षा में सुधार करते हुए, बिल्कुल नई श्रम-दक्षता संबंधी तकनीकों का इस्तेमाल करेगा।

नया इलेक्ट्रिक फायर ट्रक, नए, आधुनिक ब्रैम्पटन फायर कैम्पस (Brampton Fire Campus) में रखने की योजना है, जो इस समय निर्माणाधीन है। यह ट्रक, सिटी को 2022 के अंत में मिलेगा।

ब्रैम्पटन फायर एंड एमरजेंसी सर्विसिज के बारे में अधिक जानकारी के लिए, www.bramptonfire.com पर जाएं। सिटी की टर्म ऑफ काउंसिल प्राइरिटी: ब्रैम्पटन एक ग्रीन सिटी है (Term of Council Priority: Brampton is a Green City), के बारे में अधिक जानकारी के लिए, www.brampton.ca पर जाएं।

हवाले

"सिटी ऑफ ब्रैम्पटन में, हम ग्रीन सिटी के तौर पर जो भी करते हैं, उस हर चीज़ में बेहद स्थिर कम्युनिटी बनाने के लिए काम करते हैं। मैं ब्रैम्पटन फायर एंड एमरजेंसी सर्विसिज को, ओनटैरियो का पहला पूरी तरह से इलेक्ट्रिक फायर ट्रक सुरक्षित करने के लिए उनके प्रयासों हेतु बधाई देता हूं। ब्रैम्पटन एक सर्वश्रेष्ठ शहर है और हमें ऐसे अन्य लोगों से जुड़ने पर गर्व है, जो हमारी कम्युनिटीज को सुरक्षित रखते हुए, जलवायु संबंधी बदलाव में स्थिरता बढ़ाने और निकासियों को कम करने के लिए काम कर रहे हैं।"

- पैट्रिक ब्राउन (Patrick Brown), मेयर, सिटी ऑफ ब्रैम्पटन

"ब्रैम्पटन एक इनोवेटिव शहर है और हम हमेशा, हमारी स्थिरता में सुधार करने और हमारे निवासियों और स्टाफ को सुरक्षित रखने के नए तरीके ढूंढते रहते हैं। नया पूरी तरह से इलेक्ट्रिक फायर ट्रक, हमारी समर्पित फायर एंड एमरजेंसी सर्विसिज की टीम के लिए जोखिम को कम करेगा और उनके स्वास्थ्य और सुरक्षा में सुधार करेगा और हमारी कम्युनिटी में निकासियों को कम करेगा। हमें ब्रैम्पटन फायर पर गर्व है कि वह ग्रीन टेक्नोलॉजी में अग्रणी है।"

- रोएना सैन्टोस (Rowena Santos), रीजनल काउंसलर, वार्ड्स 1 और 5; चेयर, कम्युनिटी सर्विसिज, सिटी ऑफ ब्रैम्पटन

"ब्रैम्पटन फायर एंड एमरजेंसी सर्विसिज की टीम की ओर से, मैं पूरी तरह से इलेक्ट्रिक फायर ट्रक, रोजनबाउर आर.टी. के बारे में हमारी खुशी प्रकट करना चाहता हूं। एमरजेंसी वाली जगह पर कार्सिनोजेन को कम करने से लेकर, बिल्कुल नई श्रम-दक्षता संबंधी तकनीकों तक, ट्रक में कई रोमांचक विशेषताएं हैं। ये विशेषताएं हमें पर्यावरणीय स्थिरता में लीडर बनाने में सक्षम बनाएंगी। हम हमारी कम्युनिटी की सुरक्षा हेतु इसके प्रयोग के लिए उत्साहित हैं।"

- बिल बोएस (Bill Boyes), चीफ, ब्रैम्पटन फायर एंड एमरजेंसी सर्विसिज, सिटी ऑफ ब्रैम्पटन

"सिटी ऑफ ब्रैम्पटन में स्टाफ, हमारे कामों में स्थिरता में सुधार करने और सिटी की टर्म ऑफ काउंसिल प्राइरिटी: ब्रैम्पटन एक ग्रीन सिटी है, को आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है। नए पूरी तरह से इलेक्ट्रिक फायर ट्रक का इस्तेमाल करके, ब्रैम्पटन फायर एंड एमरजेंसी सर्विसिज, निकासियों को कम करेगा और पर्यावरणीय इनोवेशन में लीडर के तौर पर अन्य सर्वश्रेष्ठ शहरों से जुड़ेगा।"

- डेविड बैरिक (David Barrick), चीफ एडमिनिस्ट्रेटिव अफसर, सिटी ऑफ ब्रैम्पटन

-30-

कैनेडा में सबसे अधिक तेजी से बढ़ने वाले शहरों में से एक के तौर पर, ब्रैम्पटन 70,000 लोगों और 75,000 कारोबारियों का घर है। हम जो भी करते हैं, लोगों को ध्यान में रखते हुए करते हैं। हम अपने विविध समुदायों से उत्साहित होते हैं, हम निवेश को आकर्षित करते हैं और हम तकनीक और वातावरण संबंधी नवीनता को आगे बढ़ाने के सफर पर हैं। हम एक ऐसा स्वस्थ शहर बनाने में प्रगति के लिए सहभागिता करते हैं, जो सुरक्षित, स्थिर व सफल हो। हमारे साथ Twitter, Facebook, और Instagram पर जुड़ें। www.brampton.ca पर और जानें।

मीडिया संपर्क
मोनिका दुग्गल (Monika Duggal)

Media Release

कोआर्डिनेटर, मीडिया एंड कम्युनिटी एन्गेजमेंट
स्ट्रैटजिक कम्युनिकेशन
सिटी ऑफ ब्रैम्पटन
905-874-3426 | Monika.Duggal@brampton.ca